मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 15 ■ रविवार, 17 मार्च 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

साउथ में तहलका मचाने के लिए तैयार करीना

**क्राइम डायरी...**

## कंपनी की सुरक्षा दीवार चाल पर गिरी

**कलवा।** कलवा में मुकुंद कंपनी की सुरक्षा दीवार अचानक पास की एक चाल पर भरभरा गिर पड़ी। इस घटना में 6 घरों का नुक़सान हुआ है। वहीं कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना बीती रात की है। आपत्ति व्यवस्थापन कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार कलवा पश्चिम के आनंद नगर के मुकुंद कंपनी की सुरक्षा दीवार कंपनी के बगल में स्थित एकवीरा चाल पर गिर गई। जिसमें चाल की दीवार छत का नुक़सान हुआ है। दीवार 80 फूट लम्बी और 20 फूट ऊँची थी। इसी के साथ एक पेड़ भी गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही आपत्ति व्यवस्थापन कक्ष के कर्मचारी, वृक्ष प्राधिकरण विभाग के कर्मचारी व अन्य विभागों के कर्मचारी घटनास्थल पर मौजूद थे। इस घटना में राघव जेना, मीनाक्षी कदम, वासुदेव सालवी, ललितकुमार खोत, संगीता पाटिल और जयवंत माली के घरों का भरी नुक्सान हुआ है। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

## कल्याण, भिवंडी व ठाणे में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजा

# 20 मई को मतदान

- जिले में 65 दिनों तक चलेगा चुनावी खेल
- राजनीतिक पार्टियों की बैठकों का दौर शुरू
- कौन देगा सांसद श्रीकांत शिंदे को टक्कर?



करन बोधा

**कल्याण-उल्हासनगर.** आखिरकार लोकसभा चुनाव की घोषणा शनिवार को मुख्य चुनाव आयोग ने कर दी। महाराष्ट्र राज्य में पांच चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे जिसमें पांचवें व आखिरी चरण के चुनाव मुंबई सहित ठाणे जिले में होंगे। सोमवार 20 मई 2024 को यहां मतदान होगा और मतगणना गुरुवार 4 जून 2024 को होगी।

कल्याण लोकसभा चुनाव क्षेत्र से वर्तमान सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे हैट्रिक लगाने को बेताब हैं लेकिन उन्हें रोकने के लिए कौन मैदान में आएगा इसका इंतजार अब मतदाताओं को है। मनसे से राजू पाटील के नाम की चर्चा जोरों पर है। ठाणे जिले के भिवंडी लोकसभा क्षेत्र से कपिल पाटिल के नाम की घोषणा भाजपा द्वारा पहले





से ही की गई है यहां पर भी उनके टक्कर में राकांपा से सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे उर्फ बालू मामा के नाम की चर्चा जोरों पर चल रही है। ठाणे लोकसभा क्षेत्र की सीट भाजपा को मिलती है कि शिवसेना शिंदे गुट को इस पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। फिलहाल यहां पर शिवसेना के राजन विचारे कब्जा जमा बैठे हैं। यहां राकांपा से पिछली बार आनंद परांजपे हार चुके हैं। कल्याण लोकसभा क्षेत्र की सीट काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यहां से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सुपुत्र श्रीकांत शिंदे तीसरी बार मैदान में उतर रहे हैं। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे से अलग होने के बाद इस क्षेत्र में आदित्य ठाकरे व श्रीकांत शिंदे ने एक दूसरे को यहां से जीतने का चैलेंज दिया हुआ है। ऐसे में यह वर्चस्व की लड़ाई होगी ऐसा समझा जा रहा है। श्रीकांत शिंदे ने पहले से ही दावा किया है कि वो पिछले चुनाव के मुकाबले इस चुनाव में और अधिक लीड से चुनाव जीतेंगे लेकिन इस बार शिवसेना ठाकरे गुट और मनसे उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकते हैं। उल्हासनगर शहर में भाजपा व शिवसेना में आपसी खटास चल रही है ऐसे में क्या दोनों लोकसभा चुनाव में मिलकर काम करेंगे क्योंकि इस चुनाव का असर आगामी विधानसभा चुनाव पर भी पड़ेगा। टिकट की उम्मीद लगाए बैठे आयलानी दोनों को जोड़े हुए हैं लेकिन आयलानी का टिकट ही खतरे में पड़ गया है। दो दिनों पूर्व भाजपा, शिवसेना, आरपीआय तथा राकांपा गंगोत्री गुट ने युति के तहत बैठक की और शिंदे को जीताने की बात कही है। शिंदे को कालानी का भी समर्थन प्राप्त हैं. ऐसे में शिंदे के विरुद्ध मैदान में विपक्ष को एकजुट होकर तगड़ा उम्मीदवार खड़ा करना पड़ेगा ताकि चुनाव एक तरफा न हो। चुनाव की घोषणा हो जाने से अब 65 दिनों तक ठाणे जिले व मुंबई में चुनावी खेल देखने को मिलेगा। मतदाताओं को लुभाने का कार्य शुरू होगा। उल्हासनगर शहर की खस्ता हालत से मतदाताओं की भारी नाराजगी राजनीतिक पक्षों को झेलनी पड़ेगी।

## हाजीमलंग क्षेत्र से हो रही गावठी शराब की सप्लाई



- पुलिस के साथ-साथ राज्य उत्पाद शुल्क विभाग का उदासीन रवैया

**कल्याण.** सरकार द्वारा प्रतिबंधित गावठी दारू का निर्माण हाजीमलंग के ग्रामीण इलाकों में धड़ल्ले से किया जा रहा है. उल्हासनगर परिमंडल 4 के तहत हिललाइन पुलिस स्टेशन की सीमा में सबसे अधिक शराब का उत्पादन होता है।

रात में शराब तैयार होने के बाद इसे उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली और ग्रामीण इलाकों में सप्लाई किया जा रहा है। लेकिन, लोगों का कहना है कि पुलिस के साथ-साथ राज्य का उत्पाद शुल्क विभाग भी इस शराब की सप्लाई को नहीं रोकने के प्रति उदासीन नजर आ रहा है.

अंबरनाथ तालुका के हाजीमलंग क्षेत्र के कुंभार्ली, सखरोली, कुशीवली, काकड़वाल क्षेत्रों में गावठी शराब की हाथभट्टियां हैं. पिछले कुछ दिनों में कल्याण क्राइम ब्रांच ने हाजीमलंग इलाके में गुटखा फैक्ट्री, गावठी शराब उद्योग का खुलासा किया है. ये कार्रवाई स्थानीय पुलिस ने नहीं बल्कि कल्याण अपराध शाखा ने की थी. लेकिन अब जैसे ही पुलिस की ये गतिविधियां ठंडी हुई तो ग्रामीण इलाकों में फिर से गावठी दारू की सप्लाई शुरू हो गयी है. ये भट्टियां पुलिस के आशीर्वाद से रात में शुरू होती हैं।

प्रतिदिन सुबह टायरों में शराब भरकर वाहनों से शहरी क्षेत्रों में पहुंचाया जा रहा है। इसलिए, गांवों में शराब की आपूर्ति पर अंकुश लगाने के लिए कल्याण अपराध शाखा को फिर से इस क्षेत्र में सक्रिय करना आवश्यक है। अन्यथा सवाल यह है कि दूषित पानी से निर्मित शराब के कारण किसी की मौत हो जाएगी तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

## करंट की चपेट में आने से 8 वर्षीय मासूम की मौत

**कल्याण.** कोलसेवाड़ी के दुर्गामाता मंदिर परिसर में एक इमारत की छत हाईटेंशन तार से करंट लगने के कारण एक बच्चे की मौत हो गई. कोलसेवाड़ी के दुर्गामाता मंदिर परिसर में एक इमारत की छत पर कुछ बच्चे झंडा लहरा रहे थे. इन्ही में से एक बच्चा पार्थ भी झंडा लहरा रहा था। झंडे में लोहे की रॉड होने के कारण वह बिजली के तारों के संपर्क में आ गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## अवैध निर्माण पर MRTP के तहत अपराध दर्ज

- 3 माह में 16 निर्माणों पर की गई कार्रवाई

**उल्हासनगर.** कैंप नंबर-4, स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर एक बहुमंजिला अवैध निर्माण के संबंध में सहायक आयुक्त गणेश शिम्पी की शिकायत पर विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में एमआरटीपी के तहत मामला दर्ज किया गया। शिम्पी ने बताया है कि पिछले तीन महीनों में 16 अवैध निर्माण तोड़े गए हैं.

उल्हासनगर अवैध निर्माणों के लिए कुख्यात है, जिसके लिए आलोचना भी होती है. सहायक आयुक्त गणेश शिंपी को जब कैंप नंबर-4, स्टेशन रोड रामनगर में




ग्राउंड फ्लोर प्लस दो मंजिलों के अवैध निर्माण की जानकारी मिली, तो उन्होंने विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने निर्माण मामले में विजयशंकर राजकिशोर मिश्रा के खिलाफ एमआरटीपी के तहत मामला दर्ज किया है.

इस मौके पर शहर में कई अवैध निर्माणों की आलोचना की जा रही है और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की मांग की जा रही है. पिछले तीन महिने में महापालिका ने प्रभाग समिति क्र.-1 कार्यालय अंतर्गत 1, प्रभाग समिति क्र.-2 कार्यालय अंतर्गत 5, प्रभाग समिति क्र-3 कार्यालय अंतर्गत 4 व प्रभाग समिति क्रं-4 अंतर्गत 6 कुल 16 अवैध निर्माणों पर हथौड़ा चलाया है. उक्त जानकारी नोडल अधिकारी व सहायक आयुक्त गणेश शिंपी ने दी है.

राजनीतिक नेताओं के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि शहर में फर्जी बिल्डिंग परमिशन नेमप्लेट लगाकर कई अवैध निर्माण हो रहे हैं. मनपा आयुक्त से इसका निरीक्षण कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। कैंप नंबर-1 महादेव कंपाउंड, तिलकनगर, कैंप नंबर-3 यात्री निवास के पीछे, खेमानी, गुडमैन कॉटेज, गुरु गोविंद स्कूल, झूलेलाल मंदिर आदि बहुमंजिला और पुराने निर्माणों पर धड़ल्ले से अवैध निर्माण चल रहा है। यही स्थिति कैंप नंबर-4 और 5 इलाके की भी है. इस अवैध निर्माण के खिलाफ एमआरटीपी के तहत मामला दर्ज करने की मांग हर स्तर से की जा रही है. इसके अलावा, एक अधिकारी जो वार्ड अधिकारी है, उसे दूसरे विभाग का प्रभार दिया गया है, यह कहा जा रहा है कि मूल वार्ड अधिकारियों के साथ गलत व्यवहार किया जा रहा है।

## अज्ञात महिला ने मंदिर से चुराई चांदी की मूर्तियां

**कल्याण.** तिलकनगर पुलिस स्टेशन के अंतरगत एक महिला द्वारा एक मंदिर से चांदी की मूर्तियां चुराने का मामला दर्ज किया गया है। अज्ञात महिला मंदिर में आई और चांदी की मूर्तियां लेकर गायब हो गई। भोईरवाड़ी खंभालपाड़ा में स्थित शिवमंदिर में गुरुवार दोपहर लगभग एक बजे लाल रंग की साड़ी पहने एक महिला आई और मंदिर में रखी 450 ग्राम की तीन चांदी की मूर्तियां चुरा कर गायब हो गई जिसकी कीमत 40 हजार रुपए बताई गई है। अनूप प्रल्हाद भोईर की शिकायत पर तिलकनगर पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया है।

## KDMT बसों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा

- महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत की छूट

**कल्याण.** सरकार के निर्णय के अनुसार, कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका प्रशासन ने शनिवार से वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक) को कल्याण-डोंबिवली से केडीएमटी बसों में मुफ्त यात्रा और महिलाओं के लिए 50% छूट प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। यह फैसला शुक्रवार रात 12 बजे के बाद लागू कर दिया गया है.

कल्याण महानगर परिवहन निगम के शुरू होने के बाद इस निगम के अधिकार क्षेत्र में आने



वाली भिवंडी महानगर पालिका, उल्हासनगर महानगर पालिका, अंबरनाथ, बदलापुर नगर पालिका में वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को इस रियायती योजना का लाभ मिल सकेगा। आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ के मार्गदर्शन में मनपा मुख्यालय में टेलीविजन प्रणाली के माध्यम से आयुक्त, परिवहन, परिवहन अधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया.

सरकार ने गुरुवार को आसपास की महानगर पालिकाओं के साथ कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका के कल्याण महानगर परिवहन निगम की स्थापना को मंजूरी दे दी। इस निगम के संचालन के बाद डोंबिवली के यात्री एक ही बस में कल्याण, उल्हासनगर, बदलापुर, अंबरनाथ, भिवंडी तक यात्रा कर सकेंगे। भिवंडी से डोंबिवली तक विपरीत दिशा में यात्रा कर सकेंगे। इस निगम की स्थापना का प्रस्ताव पिछले डेढ़ साल से सरकार के पास लंबित था. साथ ही बैठक में निगम की आगे की योजना और रणनीतिक निर्णय के बारे में भी जानकारी दी गई.

## अंबरनाथ तहसील कार्यालय में बंद पड़ी लिफ्ट हुई शुरू

- नागरिकों ने राहत की सांस

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ तहसील कार्यालय इमारत की लिफ्त गत 2 वर्षों से बंद थी. आखिर ये लिफ्ट शुरू कर दी गई है. लिफ्ट के बंद होने से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. ये इमारत तीन मंजिला है, जिसमें तहसील, पंचायत समिति, कृषि विभाग रजिस्ट्रेशन कार्यालय, चुनाव कार्यालय, मंडल अधिकारी एवं सेतु कार्यालय ऐसे विविध कार्यालय हैं. इतने सारे सरकारी कार्यालय होने के कारण तालुका की जनता को विविध कामों के लिए यहां आना पड़ता है. अब लिफ्ट के कार्यान्वित हो जाने से वृद्धों, अपंगों, महिलाओं को सहूलियत हो जाएगी. विदित हो कि लिफ्ट के बंद होने से मरीजों, अपंगों को कभीकभार डोली में बिठाकर ले जाना पड़ता था. बंद लिफ्ट के बारे में पिछले दिनों अपंग संघटना ने शिकायत भी की थी. इससे पूर्व शहर की कई सामाजिक संगठनों, तालुका के निवासियों ने तहसीलदार से लिफ्ट के बंद होने की शिकायत की थी. इन बढ़ती शिकायतों को देखते हुए तहसीलदार प्रशांति माने ने सार्वजनिक बांधकाम विभाग से पत्र व्यवहार करके बंद लिफ्ट को चालू करा लिया है. तहसील कार्यालय की गत दो वर्षों से बंद लिफ्ट चालू हो जाने से नागरिकों की ओर से समाधान व्यक्त किया जा रहा है.

## विठ्ठलवाड़ी में मिट्टी डालकर नालों को पाट रहा भूमाफिया

**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली मनपा के अंतर्गत विठ्ठलवाड़ी क्षेत्र से बहने वाले प्राकृतिक पानी के मार्ग पर मिट्टी डालकर पाटा जा रहा है. निकट भविष्य में वालधुनी नाला डेवलपर्स द्वारा हड़प कर लिया जाएगा। नाले को अनाधिकृत रूप से पाटे जाने के कारण भारी बारिश में बाढ़ की स्थिति का सामना करना पड़ेगा। जिसके कारण लोगों में आक्रोश है।

अतिक्रमण के कारण वालधुनी नदी पहले ही नाले का रूप ले चुकी है और नाले की क्षमता बारिश का पानी ले जाने की दिन-ब-दिन कम होती जा रही है. इसलिए बरसात के दिनों में पानी की निकासी की समस्या



> वालधुनी नदी में भराव के मामले में शिकायत मिलने के बाद डेवलपर को तुरंत काम रोकने का नोटिस दिया गया. नोटिस देने के तुरंत बाद, साइट का निरीक्षण किया गया और एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। यदि प्राकृतिक जलधाराएँ अनधिकृत तटबंध द्वारा अवरुद्ध हो रही हैं, तो उनकी जाँच की जानी चाहिए और कार्रवाई की तजाएगी.
>
> **-धनंजय थोरात,**
> सहायक आयुक्त, कल्याण डोंबिवली मनपा

उत्पन्न हो जाती है और हर बरसात में वालधुनी नाले का पानी सड़क से होकर बहता है. जिसके कारण कल्याण-विठ्ठलवाड़ी का संपर्क बार-बार टूटता रहता है.

वर्तमान में वालधुनी नहर में अनाधिकृत भराव के कारण वालधुनी नाले की चौड़ाई कम होती जा रही है। परिणामस्वरूप वालधुनी नाला विनाश के कगार पर है। आगामी मानसून के दौरान कल्याण शहर में बाढ़ की आशंका व्यक्त की जा रही है. बरसात के दिनों में यहां के निवासियों को करोड़ों का नुकसान होता है. लेकिन इन सबके बावजूद प्रशासन कैसे नींद में है? स्थानीय निवासी इस पर आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं. इसलिए प्रशासन को प्राकृतिक नाले पर हुए अतिक्रमण पर ध्यान देने की जरूरत है, अन्यथा शहर में बाढ़ आने में देर नहीं लगेगी.

## रोजेदारों में इफ्तार सामान का वितरण



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुल शेख ने मुस्लिम बंधुओं के पवित्र रमजान माह में स्लम क्षेत्र में रहनेवाले 250 मुस्लिम रोजेदारों में इफ्तार का सामान वितरित किया. अब्दुल शेख ने बताया कि पूरे रमजान महिने में हर शुक्रवार को रोजे की सामग्री उनके द्वारा वितरित की जाएगी. अंबरनाथ पश्चिम के शास्त्री नगर, गांधी नगर और स्वामी नगर में रोजेदारों को खजूर और फल वितरित किए गए. शेख हर वर्ष रमजान माह में रोजेदारों में इफ्तार की सामग्री वितरित करते हैं. एक घर के 4 लोगों को रोजा इफ्तार की सामग्री वितरित की गई. 250 घरों में 1000 से ज्यादा लोगों में सामग्री वितरित की गई है. उनके साथ इस नेक काम में फिरोज खान, साहिल शेख, आफरीदी, रेहान अंसारी, इरफान शेख आदि उपस्थित थे. विदित हो कि 12 मार्च से रमजान के रोजे शुरू हो गए हैं जो कि एक महिने तक चलेंगे. एक महिने बाद फिर रमजान ईद मनाई जाएगी. रमजान माह में रोजेदारों में इफ्तार सामग्री वितरित करना पुण्य का काम माना गया है.

## महेश गायकवाड़ के खिलाफ हफ्तावसूली का मामला दर्ज

- 5 करोड़ रुपये रंगदारी मांगने का आरोप

**कल्याण.** कल्याण पूर्व में शिव सेना शहर प्रमुख और पूर्व नगरसेवक महेश दशरथ गायकवाड़ पर नवी मुंबई के एक बिल्डर ने शुक्रवार शाम को उल्हासनगर के हिललाइन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने 5 करोड़ रुपये का हफ्ता मांगा है. पुलिस ने महेश गायकवाड़ समेत हाजीमलंग वाड़ी के चार ग्रामीणों के खिलाफ हफ्ता वसूली और धमकाने का मामला दर्ज किया है.

पिछले दो महीने में जमीन संबंधी मामले में महेश गायकवाड़ के खिलाफ हिललाइन पुलिस स्टेशन में यह दूसरा मामला दर्ज किया गया है. इन अपराधों से महेश की मुश्किलें बढ़ने की आशंका है. आरोपियों में महेश गायकवाड, यशवन्त मुका फुलोरे, रोहिदास मुका फुलोरे, गणेश यशवन्त फुलोरे, शेवंतीबाई मुका फुलोरे शामिल हैं। पिछले महीने भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ द्वारा गोली मारे जाने के बाद महेश का 25 दिनों तक जुपिटर अस्पताल में इलाज चल रहा था। बस अब वे विकास कार्य कराने में सक्रिय हो गये हैं. यह मामला नवी मुंबई के सीबीडी बेलापुर के पारसिक हिल इलाके में रहने वाले कंस्ट्रक्शन कारोबारी सदरूद्दीन बशर खान (58) ने दर्ज कराया है. उनकी एफएस ग्रुप ऑफ कंपनीज एक निर्माण कंपनी है। इस तरह की



जबरन वसूली अगस्त 2023 से नवंबर 2023 के बीच हुई.

पुलिस ने कहा, 2009 में, शिकायतकर्ता सदरूद्दीन खान ने, इकबाल खान के माध्यम से राजस्व विभाग की सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने और बिक्री पंजीकरण पूरा करने के बाद, हाजीमलंग की तलहटी में कुशीवली गांव में श्यामसुंदर लक्ष्मण पाटिल की 27 एकड़ जमीन खरीदी। खान के पक्ष में सात-बारा की प्रतियां बनाई गईं। 2019 में शिकायतकर्ता खान ने अंबरनाथ भूमि अभिलेख विभाग के माध्यम से जमीन की माप कराई। उस समय हाजीमलंग वाड़ी की शेवंताबाई मुका फुलोर और अन्य लोगों ने इसका विरोध किया था। उन्होंने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी. गणना अधिकारियों ने गणना पूरी की।

अगस्त 2023 में जमीन मालिक खान की जमीन पर महेश दशरथ गायकवाड़ और अन्य आरोपियों ने कब्जा कर एक बोर्ड लगा दिया कि उक्त जमीन महेश दशरथ गायकवाड़ के कब्जे की है, जो भी इस जमीन पर अतिक्रमण करेगा, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी. खान द्वारा अवैध बोर्ड को हटाने के प्रयास पर आरोपियों ने आपत्ति जताई। आरोपियों ने खान से मांग की कि अपनी आधी जमीन हमें दे दो, नहीं तो पांच करोड़ दो।

सितंबर 2023 में, खान ने हिललाइन पुलिस की मदद से कुशीवली में परिसर में आरोपियों द्वारा लगाए गए कब्जे के बोर्ड को हटाने की कोशिश की। उस वक्त पांचों आरोपियों ने इसका विरोध किया था. इसी दौरान महेश गायकवाड़ और उसके साथी गाड़ियों में सवार होकर मौके पर आये. उन्होंने खान की जमीन पर कब्जे के अधिकार की पट्टिका हटाने पर आपत्ति जताई। खान से पांच करोड़ की मांग पूरी करने का अनुरोध किया गया था. पुलिस के हस्तक्षेप के बाद महेश गायकवाड़ अपने साथियों के साथ वहां से चले गये.

महेश गायकवाड और अन्य आरोपी जमीन पर मालिकाना हक होने के बावजूद उस पर कब्जा का दावा कर रहे थे। इसका खामियाजा खान को भुगतना पड़ रहा था. नवंबर 2023 में जब खान कुशीवली में भूमि निरीक्षण के लिए आए, तो उनके स्वामित्व की सर्वे नं. 82-ब इस 27 एकड़ भूमि पर बोर्ड लगा देखा, जिस पर लिखा था कि यह जमीन नगरसेवक महेशशेठ गायकवाड़, फुलोरे के कब्जे की है. अतिक्रमण करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी,' अंततः जमीन के मालिक सदरूद्दीन खान ने हिललाइन पुलिस स्टेशन में गुहार लगाई.

## शीलफाटा में भंगार के गोदाम में लगी आग

**कल्याण.** शिलफाटा के पास के भंगार के दो गोदामों में आग लगने का मामला सामने आया है। इस घटना में गोदाम का सामान जलकर राख हो गया। वहीं करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फिलहाल कूलिंग का काम शुरु है। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। शिलफाटा फायर स्टेशन के केंद्र प्रमुख प्रदीप पाटिल ने बताया कि दोस्ती बिल्डिंग के सामने, खान कंपाउंड, शिलफाटा में सुभानी फर्नीचर व मे. नॅशनल बुटिक ऐसे दो गोदामों में शनिवार की दोपहर सवा 3 बजे के करीब आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही शिलफाटा मुंब्रा, दिवा व रुस्तम मिलाकर 6 फायर वाहन घटनास्थल पर मौजूद थे। इसके साथ ही टोरेंट पावर के कर्मचारी व आपत्ति व्यवस्थापन कक्ष के कर्मचारी मौजूद थे। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। वहीं आग बुझाने के बाद कूलिंग का काम शुरु था।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## बेहतरी की उम्मीद

किसी भी देश में आम लोगों के जीवन-स्तर में आई बेहतरी से ही यह आंका जाना चाहिए कि वहां सरकार की ओर से जनता की जीवन-स्थितियों में सुधार के किए वादे पर वास्तव में कितना काम हुआ। भारत में पिछले कई वर्षों से राजनीतिक बहसें और चुनावी मुद्दे के रूप में विकास एक बड़ा मुद्दा रहा है।

आए दिन अर्थव्यवस्था से लेकर अन्य कई मोर्चों पर बेहतरी की तस्वीर पेश की जाती है, मगर सवाल है कि इस सबसे क्या सचमुच साधारण लोगों के जीवन-स्तर में कोई सुधार हुआ है, जीने के लिए अनिवार्य सुविधाओं तक समाज के सबसे कमजोर तबके की पहुंच सुनिश्चित हुई है? संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी मानव विकास रपट, 2023-24 के मुताबिक 2022 में भारत के स्थान में एक अंक का सुधार आया है और यह एक सौ तिरानबे देशों की सूची में एक सौ चौंतीसवें पायदान पर पहुंच गया है। गौरतलब है कि 2021 में भारत की स्थिति एक सौ इक्यानबे देशों के बीच एक सौ पैंतीसवें पायदान पर थी।

इसे तुलनात्मक रूप से सुधार कहा जा सकता है। इसीलिए संयुक्त राष्ट्र ने भी भारत की प्रशंसा की है। हालांकि सूची में शामिल कुल देशों की संख्या के लिहाज से यह कोई बड़ा अंतर नहीं है, लेकिन बेहतरी की तस्वीर को देखते हुए भविष्य के लिए उम्मीद जरूर पैदा होती है। एक उल्लेखनीय सुधार लैंगिक असमानता सूचकांक के मामले में आई है, जिसमें 2022 में भारत एक सौ आठवें स्थान पर रहा। 2021 में भारत को इस मामले में एक सौ बाईसवें पायदान पर जगह मिली थी।

हालांकि श्रमबल में भागीदारी की कसौटी पर देखें तो 76.1 फीसद पुरुषों के मुकाबले महज 28.3 फीसद महिलाओं की मौजूदगी अब भी बड़े लैंगिक अंतर को दर्शाता है। इसके अलावा, औसत के आधार आकलन में कई बार अलग-अलग सामाजिक वर्गों के बीच हाशिये के तबकों की वास्तविक स्थिति का आकलन सामने नहीं आ पाता। फिर भी मानव विकास सूचकांक के संकेतकों पर अगर जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय में बेहतरी आई है, तो यह विकास के नजरिए से सकारात्मक और आने वाले दिनों के लिए बेहतरी का सूचक है।

# नई विश्व व्यवस्था बनाने का है चीन का मंसूबा

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू लगातार ऐसे फैसले ले रहे हैं, जो चीन के साथ उनकी निकटता को ही दर्शाते हैं। छोटे पड़ोसी देशों के साथ चीन की निकटता भारत के लिए चिंताएं बढ़ाने वाली हैं। लेकिन सवाल यह है कि आखिर क्यों चीन विश्व के ऐसे देशों की तरफ अपने पैर पसार रहा है, जो आर्थिक और सामरिक रूप से कमजोर हैं? दरअसल, चीन पूरी तरह से नई विश्व व्यवस्था बनाने का मंसूबा पाले हुए है। शी जिनपिंग की चीनी कम्युनिस्ट पार्टी शासन को 2049 तक प्रमुख विश्व शक्ति बनाने की महत्वाकांक्षा है, जब वह अपने सौ वर्ष पूरे करेगी।

इसके अतिरिक्त संयुक्त राष्ट्र में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए चीन बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत आर्थिक एवं सामरिक रूप से कमजोर देशों को कर्ज देने की नीति का हथियार के रूप में प्रयोग कर रहा है। दूसरी ओर, चीन की आर्थिक मदद से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का मंसूबा पाले देश उसके कर्ज के जाल में फंसकर चीन का कर्ज चुकाने में दिक्कतों का सामना कर रहे हैं।



चीनी सहायता प्राप्त देशों, जैसे- श्रीलंका, जांबिया, इथियोपिया, पाकिस्तान, वेनेजुएला, नेपाल, केन्या, कंबोडिया, लाओस, अफगानिस्तान और म्यांमार जैसे कई देश हैं, जो गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। अब श्रीलंका को ही ले लें, जिसने गृहयुद्ध के उपरांत आर्थिक सुधारों के लिए चीन का रुख किया, लेकिन आज उसके कर्ज-जाल में फंस गया है। श्रीलंका ने पहले 2014 और पुनः 2017 में अपने कर्ज के पुनः प्रबंधन हेतु चीन से निवेदन किया था, लेकिन उसके दोनों अनुरोध खारिज कर दिए गए थे। अंततः जब तक श्रीलंका ने आईएमएफ से सहायता मांगने का निर्णय लिया, तब तक उसकी अर्थव्यवस्था 1948 में देश की आजादी के बाद से सबसे खराब मंदी की ओर बढ़ गई, जिससे विद्रोह भड़क गया और नतीजतन हजारों लोगों ने राष्ट्रपति को उनके घर से खदेड़ दिया था।

जांबिया की भी यही स्थिति है, जिसके कुल विदेशी कर्ज का तीस फीसदी हिस्सा चीन द्वारा निर्गत किया गया है और माना जाता है कि उस पर चीनी फाइनेंसरों का लगभग छह अरब डॉलर बकाया है। इस प्रकार 2020 में, चीन के कर्ज जाल में फंसते हुए जांबिया यूरो बॉन्ड पर डिफॉल्ट करने वाला पहला अफ्रीकी देश बन गया।

चीन के कर्ज जाल में फंसे पाकिस्तान की हालत पहले से ही काफी खराब चल रही है, हालांकि उसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से तीन अरब डॉलर की सहायता मिली है, जिस पर उसकी अर्थव्यवस्था टिकी हुई है। नेपाल और चीन ने 2017 में बीआरआई हेतु हस्ताक्षर किए थे, लेकिन लगभग सात साल बाद एक परियोजना तक क्रियान्वित नहीं हो पाई है और इसका सबसे बड़ा कारण रहा नेपाल का पोखरा हवाई अड्डा, जो चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं था, फिर भी चीन ने इसके लिए फंड देते हुए इसे बीआरआई के अंतर्गत बताने की कोशिश की।

इसी प्रकार, वेनेजुएला भी आर्थिक संकट में फंसा हुआ है, जहां सरकार पर कथित तौर पर चीन का भारी कर्ज बकाया है। तेल से समृद्ध, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर इस देश ने 2005 से चीनी कर्ज ले रखा है। चीन के साथ दिक्कत यह है कि वह जो कर्ज देता है, उसके पीछे की शर्तों को कभी सार्वजनिक नहीं करता, जैसा आईएमएफ, विश्व बैंक या पेरिस समूह करते हैं। इस वजह से चीनी कर्ज की पारदर्शिता हमेशा संदेह के दायरे में रही है। चीन चूंकि आसान शर्तों पर ऋणों को निर्गत करता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर देशों को आकर्षित करता है।

कर्ज लेने वाले उन देशों को उस कर्ज के विपरीत परिणामों का एहसास तब होता है, जब उनके आर्थिक संकट बेकाबू हो जाते हैं और फिर वे इसके समाधान करने के लिए चीन से कोई रियायत प्राप्त नहीं कर पाते। उपरोक्त देशों के उदाहरणों से पता चलता है कि भले ही चीन ऋण देने की नीतियों में उदार है, लेकिन वह इसके जरिये कमजोर देशों को शिकार बनाता है। या चीन के साथ किसी देश के चाहे कितने भी अच्छे राजनीतिक रिश्ते क्यों न हों, वे ऋण संकट के समय चीन से तत्काल राहत की उम्मीद नहीं कर सकते।



ध्यानाभ्यास, तनाव के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करता है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती

चुनाव नजदीक आने पर सरकारों की तरफ से लोकलुभावन योजनाओं-परियोजनाओं के अनावरण, वस्तुओं की कीमतों में कमी आदि की घोषणाएं करना कोई नई बात नहीं है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपए प्रति लीटर की कटौती भी इसी रणनीति का हिस्सा कही जा सकती है। इस पर स्वाभाविक ही विपक्षी दल तंज कस रहे हैं। मगर सरकार की नजर में शायद यह सिर्फ संयोग की बात हो। पिछले दो वर्ष से पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई थीं।

हालांकि इस बीच कई बार कच्चे तेल की कीमतों में उतार देखा गया, उसके मद्देनजर मांग की जाती रही कि पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतें में कटौती की जानी चाहिए। मगर तब सरकार ने तर्क दिया था कि तेल के दाम में कटौती इसलिए नहीं की जाएगी, ताकि इससे तेल कंपनियों को हुए घाटे की भरपाई हो सके। पहले के नियम के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में बदलाव किया जाता था। मगर सरकार ने इस तर्क के साथ तेल की कीमतों का निर्धारण खुद से करना शुरू कर दिया था कि कच्चे तेल की कीमतें कम होने पर तेल कंपनियों को जो कमाई होगी, उससे उन्हें अपना तेल का भंडार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

तेल की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी का असर महंगाई पर भी पड़ता है। इससे माल ढुलाई का खर्च बढ़ता है, कृषि कार्य में उत्पादन लागत बढ़ जाती है, जिससे बाजार में वस्तुओं की कीमतें कई बार काबू से बाहर चली जाती हैं।



इसलिए महंगाई पर काबू पाने के लिए तेल की खुदरा कीमतें संतुलित करने के सुझाव दिए जाते हैं। मगर विचित्र है कि खुदरा महंगाई चिंताजनक स्तर पर पहुंच जाने के बावजूद सरकार ने तेल की कीमतों को कम करने पर विचार नहीं किया। सबसे अधिक आरोप तेल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क को लेकर उठता रहा है। खुदरा तेल की कीमतें इसलिए ऊंचे स्तर तक पहुंच गई हैं कि इस पर राज्य और केंद्र सरकार ऊंची दर से उत्पाद शुल्क वसूलती हैं।

केंद्र सरकार एकमुश्त प्रति लीटर उत्पाद शुल्क लेती है, जिसे कम करने की मांग अनेक मौकों पर उठाई जाती रही, मगर एकाध मौकों पर उसमें कटौती की गई तो वह भी चुनाव का मौका था। मसलन, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के वक्त केंद्र सरकार ने अपने उत्पाद शुल्क में कटौती की थी। जब केंद्रीय उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी की गई थी, तब भी यही तर्क दिया गया कि उस शुल्क का उपयोग तेल भंडारण बढ़ाने में किया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में तेल की कीमतों पर काबू पाया जा सके। मगर वह भंडारण कितना हो पाया, इसका भी कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

डीजल और पेट्रोल आज आम उपभोक्ता के दैनिक खर्च में शुमार हो चुके हैं। इनकी कीमतें बढ़ने से उनके मासिक खर्च में बढ़ोतरी हो जाती है। सरकार के ताजा फैसले से निस्संदेह आम लोगों को कुछ राहत मिलेगी, मगर यह कटौती पिछली बढ़ोतरियों की तुलना में इतनी कम है, कि उनकी जेब पर बहुत सकारात्मक असर नहीं पड़ने वाला। ज्यादातर राज्यों में खुदरा पेट्रोल-डीजल की कीमतें सौ रुपए प्रति लीटर के पार या करीब पहुंच चुकी हैं। उसमें दो रुपए की कटौती ऊंट के मुंह में जीरा जैसा ही साबित होगा। इसलिए, अगर सरकार ने चुनाव के मद्देनजर यह फैसला किया है, तो शायद ही उसे इसका कोई बड़ा लाभ मिले।


# दुनिया का सबसे जहरीला गार्डन

डॉक्टर सुबह-शाम गार्डन में सैर की सलाह देते हैं, ताकि अच्छी हवा मिले और स्वास्थ्य ठीक रहे . लेकिन दुनिया में एक गार्डन ऐसा भी है, जहां आप नहीं जाना चाहेंगे. क्योंकि अगर गलती से भी चले गए तो तुरंत बेहोश हो जाएंगे. और अगर किसी पौधे को छू लिया तो जान जाना तय मानिए.

**जरा हट के**

यही वजह है कि बिना गाइड के इस गार्डन में जाने पर रोक है. आइए जानते हैं कि आखिर यहां ऐसा है क्या?

हम बात कर रहे इंग्लैंड के नॉर्थम्बरलैंड में स्थित 'अलन्विक पॉइजन गार्डन की. इस बगीचे में 100 बेहद जहरीले पौधे लगाए गए हैं. ये इतने खतरनाक हैं कि अगर कोई गलती से भी इन्हें छू ले तो जान जा सकती है. लेकिन फिर भी हर साल लाखों लोग यहां आते हैं.




गार्डन के बाहर काले रंग का लोहे का गेट है, जिस पर साफ-साफ लिखा हुआ है कि ये पौधे आपकी जान भी ले सकते हैं. इसलिए इन्हें कतई न छुएं. ध्यान रखें कि यह चेतावनी कोई मजाक नहीं है. इन काली लोहे की सलाखों के पीछे दुनिया का सबसे घातक उद्यान है.

पॉइज़न गार्डन को 2005 में बनाया गया. मकसद था इन पौधों के बारे में लोगों को जानकारी देना, ताकि लोग इनसे दूर रहें. यही वजह है कि जब भी कोई पर्यटक यहां घूमने के लिए आता है तो उसे पहले सुरक्षा ब्रीफिंग दी जाती है. बताया जाता है कि गार्डन में कसिी भी चीज को न छुएं. चखने या सूंघने की कोशिश न करें. इसके बावजूद कई लोग यहां चलते-चलते बेहोश जाते हैं. एक्सपर्ट के मुताबिक, कुछ पौधों से परागकण बाहर आते हैं, जो उड़कर लोगों की सांसों के जरिये अंदर चले जाते हैं और उन्हें बीमार कर देते हैं. कुछ पौधों से जहरीला धुआं भी नकिलता है, जो काफी घातक होता है.

यहां उगाए जाने वाले खतरनाक पौधों में से एक मॉन्कशूड या वुल्फ्स बैन है, जिनसे एकोनिटाइन नामक जहरीला पदार्थ निकलता है. यह एक न्यूरोटॉक्सिन और कार्डियो टॉक्सिन होता है, जो आपके तंत्रिका तंत्र को पंगु बना देता है. यहां सबसे जहरीला पौधा रिसिन है, जो राइसिन नाम का टॉक्सिन नकिलता है. गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इसे दुनिया का सबसे जहरीला पौधा मानता है.

खाना-खजाना

# बेसन की कचौड़ियां

होली के त्योहार पर रंगों के साथ खेलने के अलावा व्यंजनों का स्वाद चखने का अपना अलग मजा होता है। इस दौरान लोग कई तरह के पकवान बनाते हैं और इसे दोस्तों या परिवारवालों के साथ मिलकर खाते हैं। अगर आप भी इस बार अपनों के लिए कुछ खास बनाना चाहते हैं, तो बेसन की कचौड़ियां ट्राई कर सकते हैं।

**सामग्री :**

- 2 कप मैदा
- 1 कप बेसन
- 1/2 छोटा चम्मच सौंफ
- 1/2 छोटा चम्मच जीरा
- एक चुटकी हल्दी
- 1/4 छोटा चम्मच कुट्टी लाल मिर्च
- 1 छोटा चम्मच धनिया पाउडर
- 1 छोटा चम्मच अचार का मसाला
- स्वादानुसार नमक
- 1 बड़ा चम्मच घी
- तलने के लिए तेल



**विधि :**

सबसे पहले एक बर्तन में आटा निकालकर इसमें अजवायन, नमक, कलौंजी और घी डालकर नरम आटा गूंथ लें और अलग रख दें। फिर स्टफिंग बनाने के लिए एक पैन में एक चम्मच तेल डालकर गर्म करें। अब इसमें हींग, जीरा, सौंफ डालें। इसके बाद इसमें कटा हुआ प्याज और हरी मिर्च डालकर कुछ सेकेंड तक भून लें। फिर इसमें एक कप बेसन डालकर 2 मिनट तक भून लें। इसके बाद अब इसमें कटी हुई लाल मिर्च, धनिया पाउडर और अचार मसाला डालकर अच्छे से मिलाते हुए पकाएं। 2 मिनट तक पकाने के बाद गैस बंद कर दें। हरा धनिया डालकर मिलाएं और गैस पर तेल गर्म होने के लिए रखें। अब आटे की लोइयां बनाकर थोड़ा सा बेल लें और तैयार बेसन की स्टफिंग की लोई बनाकर बीच में रख दें। चारों तरफ से बंद कर इसके पूरी के आकार में बेल लें। तेल अच्छे से गर्म होने के बाद इसे धीमी मध्यम आंच पर रखें। गर्म तेल में कचौरी को गोल्डन क्रिस्पी होने तक डीप फ्राई करें। तैयार कचौरी को आलू की सब्जी या चटनी के साथ गरमागरम सर्व करें।

# बड़े काम का है संतरे का छिलका

- **चुटकियों में हो जाएंगे ये 4 काम**
- **चमक उठेगा घर का कोना-कोना**

संतरा गुणों का भंडार है, ये बात तो सभी को पता है. ये विटामिन सी का एक बढ़िया सोर्स है. लेकिन संतरे के छिलके में भी कम गुण नहीं हैं. बल्कि जिस छिलके को कई लोग डस्टबिन में फेंक देते हैं, वही छिलके कई बेहतरीन गुण लिए होता है. अक्सर संतरे के छिलकों का ब्यूटी में या स्किन केयर के लिए तो आपने खूब इस्तेमाल सुना होगा, लेकिन आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैसे संतरे के छिलकों का सही से इस्तेमाल कर आप अपने घर में काफी चीजें चमका सकते हैं. जी हां, ये क्लीनिंग के लिए भी इस्तेमाल हो सकता है.



### छिलकों का कमाल

संतरे में जितने पोषक तत्व हैं, उसके छिलके में कम नहीं हैं. संतरे के छिलके में विटामिन सी ,फोलेट, एंटीऑक्सीडेंट, पॉलीफेनॉल जैसे पोषक तत्व अच्छी-खासी मात्रा में होते हैं. ये आपके चेहरे के ग्लो को बढ़ाने में मददगार हो सकते हैं. यही वजह है कि संतरे के छलिकों का पाउडर बनाकर इसे स्क्रबर के तौर पर या फेसपैक के तौर पर इस्तेमाल कयिा जा सकता है. आप संतरे के छलिकों को सुखाकर इनका पाउडर बनाकर इसे सालभर के लिए स्टोर कर सकती हैं. ये पाउडर आपके ब्यूटी ट्रीटमेंट में तो काम आएगा ही, बल्कि आपके घर को भी चमकाएगा. चलिए बताते हैं आपको कुछ तरीके.

### 1. चमका लें अपना वॉशबेसिन

इसके लिए आपको सबसे पहले संतरे के छिलकों का पाउडर लेना है. इस पाउडर में एक चम्मच नींबू का रस मलिाकर एक पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को कसिी ब्रश की मदद से वॉशबेसिन पर लगा दें. आप बर्तन मांझने वाले स्क्रबर से इस पेस्ट को रगड़ें और अब आप देखेंगे कि बेसिन चमक चुका है.

### 2. पाउडर को उबालें, जगमगाने लगेगा सिंक

– इसके लिए आपको एक बर्तन में एक ग्लास पानी उबालना है.

इस पानी में सूखे संतरे के छलिकों का पाउडर मिलाएं और उबालें.

इस उबलते हुए पानी में आपको थोड़ा सा बर्तन धोने वाला लक्विडि सोप डालना है.

ये पानी जब खूब उबल जाए, इसे अपनी गंदी सकि के कौनों पर डालें. ब्रश की मदद से जैसे ही साफ करेंगे, देखेंगे सिंक साफ हो जाएगी.

### 3. फर्नीचर

लि क वि ड सोप और संतरे के छिलकों से बने इस पाउडर के उबले पानी से आप अपने घर का लकड़ी का फर्नीचर भी साफ कर सकती हैं. ये उस सफाई के लिए भी बढ़िया है.

### 4. स्टील के बर्तनों की जंग होगी गायब

ऐसी स्टील की बोतल या बर्तन जनिपर कई बार जंग लग जाता है, उन्हें साफ करना मुश्किल होता है. खारे पानी के चलते अक्सर स्टील के बर्तनों पर जंग लग जाती है.

– एक बर्तन में पानी गर्म करें और इसमें संतरे के छिलकों का पाउडर डालें.

जिस बर्तन में जंग है, उसमें ये पानी भर के रख दें. या इस पानी में आप बर्तन भी डुबाकर रख सकते हैं. थोड़ी देर बाद आप देखेंगे बर्तन का जंग नकिल गया है.

# क्या है कुंकुमादि तेल?



- **जिसे लगाने से दूर होंगे चेहरे के दाग-धब्बे**

स्किन केयर प्रोडक्ट में आयुर्वेदिक तेलों की बात होती है कुंकुमादि तेल का नाम अक्सर लिया जाता है। लेकिन बहुत कम लोग ही इस तेल के बारे में और इसके फायदे के बारे में जानते हैं। चेहरे पर अगर एक्ने और मुंहासे के दाग-धब्बे काफी समय से परेशान कर रहे हैं तो इस तेल को लगाने से इनसे छुटकारा मिल जाएगा। साथ ही ये तेल और भी तरीके से चेहरे को खूबसूरत बनाता है। तो चलिए जानें क्या है कुंकुमादि तेल और इसे लगाने का सही तरीका कौन सा है।

कुंकुमादि तेल एक तरीके का हर्बल तेल है। जिसमे कई सारी जड़ी-बूटियों को मिक्स किया जाता है। आमतौर पर लोग कुंकुम शब्द से इसे केवल केसर का तेल समझ लेते हैं। लेकिन ये केसर के साथ ही दूसरी और भी चीजों को मिलाकर बनता है। कुंकुमादि तेल में इन चीजों को मिलाया जाता है।

**मंजिष्ठा :** मंजिष्ठा जड़ी-बूटी होती है जो स्किन में जमा गंदगी को साफ करने में मदद करती है और स्किन को न्यूट्रिशन लेने में मदद करती है।

**चंदन :** चंदन स्किन को ठंडक पहुंचाने के साथ ही सॉफ्ट बनाता है। साथ ही दाग-धब्बों को दूर करने में मदद करता है।

**कमल :** कमल के पौधे का अर्क इस तेल में मिक्स किया जाता है। जो स्किन में होने वाली बीमारियों से बचाने में मदद करता है। साथ ही ये स्किन की रंगत को भी हल्का करता है।

**केसर :** इसके अलावा मुख्य रूप से केसर मिक्स होता है। जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए किया जाता है।

### कैसे लगाएं तेल

स्किन पर अगर दाग-धब्बे कान्फिडेंस लेवल कम कर रहे हैं तो इस तेल को लगाएं। कुंकुमादि तेल लगाने के लिए रात को सोने से पहले स्किन को अच्छी तरह से साफ कर लें। फिर हाथ पर कुछ बूंद इस तेल की लें और हल्के हाथ से पूरे चेहरे की मसाज 5-7 मिनट तक करें और रातभर के लिए छोड़ दें। इस तेल को लगाने से कुछ ही दिनों में दाग-धब्बे खत्म हो जाएंगे। साथ ही आंखों के नीचे काले घेरे, स्किन में दिख रहीं झुर्रियां भी गायब हो जाएंगी। जिससे कसावट दिखेगी और स्किन यंग नजर आएगी। इस तेल का इस्तेमाल मॉइश्चराइजर के तौर पर भी किया जा सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा, सावधानी रखें। बुरी खबर मिल सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है। वस्तुएं संभालकर रखें।

**वृषभ :** सामाजिक कार्य करने का मन लगेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शत्रु तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधानी आवश्यक है।

**मिथुन :** पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**कर्क :** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। उत्साह रहेगा।

**सिंह :** दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। विवेक का प्रयोग करें। आय में वृद्धि होगी।

**कन्या :** यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। नए उपक्रम प्रारंभ करने संबंधी योजना बनेगी।

**तुला :** सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**वृश्चिक :** चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**धनु :** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। नकारात्मकता हावी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मकर :** यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों से सहयोग मिलेगा। झंझटों में न पड़ें।

**कुंभ :** ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विवेक से कार्य करें।

**मीन :** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

**पार्टी में जाने से पहले नहीं मिल रहा पार्लर जाने का टाइम**

# इंस्टेंट ग्लो देगा ये फेस मास्क

घर पर शादी या फिर पार्टी है और आप व्यस्त होने की वजह से खुद अपने लिए पार्लर जाने का समय नहीं निकाल पा रही हैं तो ये इंस्टेंट ग्लो फेस मास्क मिनटों में आपके चेहरे की रंगत बदल सकता है। खास बात यह है कि यह इंस्टेंट ग्लो फेस मास्क बड़ी आसानी से घर पर ही बनाया जा सकता है। इस फेस मास्क को बनाने के लिए आपके किचन में मौजूद चीजों का ही इस्तेमाल किया जाता है। जिसकी वजह से इसके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं हैं। तो आइए पार्लर जैसे ग्लो के लिए जान लेते हैं घर पर ही कैसे बनाया जाता है ये इंस्टेंट ग्लो फेस मास्क।

### इंस्टेंट ग्लो फेस मास्क बनाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स–

इंस्टेंट ग्लो फेस मास्क बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में एक छोटा चम्मच चिया सीड्स और आधा कप कच्चा दूध डालकर उसे अच्छी तरह भीगने के लिए एक घंटे के लिए छोड़ दीजिए।

- जब चिया सीड्स दूध में अच्छी तरह सोख हो जाएं तो उसे पीसकर अच्छा फाइन पेस्ट तैयार कर लें।



- अब इस पेस्ट में एक छोटा चम्मच चावल का आटा, एक बड़ा चम्मच शहद, एक विटामिन ई का कैप्सूल, एक बड़ा चम्मच एलोवेरा डालकर अच्छी तरह सभी चीजों को मिक्स कर लें। आपका मैजिकल फेस मास्क बनकर तैयार है।
- अब आप इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर 30 मिनट के लिए छोड़ दें। 30 मिनट बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इस फेस मास्क को चेहरे पर हफ्ते में दो बार लगाएं।

### इंस्टेंट ग्लो फेस मास्क चेहरे पर लगाने के फायदे–

- यह मास्क चेहरे के दाग-धब्बे और पिगमेंटेशन की समस्या को दूर करता है।
- चेहरे की रंगत निखारकर पार्लर वाला ग्लो देता है।
- स्किन टोन को बैलेंस करता है।
- धूप से झुलसी त्वचा को राहत देता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### मेरी मौत के बाद पति को शव न छूने दिया जाए... 5 साल की बच्ची के साथ मां ने की आत्महत्या

**मुज्जफरनगर.** मुज्जफरनगर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां किराए के मकान पर रह रही महिला ने 5 वर्षीय बेटी के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने कमरे से सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें पत्नी ने अपने पति समेत पांच लोगों को मौत का जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र की दीपचंद कॉलोनी में विपिन महेश्वरी के मकान में गौरव चौहान अपनी 30 साल पत्नी डोली उर्फ माला और पांच वर्षीय की बेटी काव्या उर्फ कीवी के साथ किराये पर रहता है। शुक्रवार सुबह साढ़े सात बजे पुलिस को सूचना मिली कि दीपचंद कॉलोनी में मां-बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मकान के अंदर घुसी तो बरामदे में मां-बेटी के शव चुन्नी से लटके हुए थे।

### निर्माणाधीन भवन की ढही छत, मलबे में दबने से 2 की मौत, 6 को बाहर निकाला

**बहराइच.** बहराइच- लखनऊ हाईवे पर टिकोरा मोड़ के पास लेजर रिजार्ट के नए भवन की निर्माणाधीन छत शुक्रवार रात भरभराकर ढह गई। मलबे में दबकर दो श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एसडीआरएफ टीम ने घायल छह श्रमिकों को भी बाहर निकाला। घायलों को रिजार्ट मालिक के केडिया हास्पिटल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। छत ढलाई के दौरान शुक्रवार देर रात आठ मजदूरों की मौजूदगी बताई जा रही है। मलबे को कटर से काटकर दो श्रमिकों रिसिया थाने के शाहनवाज पुर के मजरे साहबपुरवा निवासी 24 वर्षीय जोगेंद्र पाल पुत्र प्यारे लाल, 29 वर्षीय सलीम अहमद पुत्र मुख्तियार अली को गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज लाया गया।चिकित्सकों ने परीक्षण कर दोनों को मृत घोषित कर दिया है। देहात कोतवाल बीके मिश्र ने बताया कि छह मजदूर घायल घायल हुए हैं।

### भदोही में बैंक संचालक से 3 लाख रुपये की लूट, मंदिर के पास बैग फेंक भागे बदमाश

**भदोही.** भदोही के चौरी में अपराधी और बदमाश बेलगाम हो गए हैं। शुक्रवार की रात मिनी बैंक संचालक से बाइक सवार बदमाशों ने चाकू से आतंकित करके बैग में रखे तीन लाख रुपए लूट लिए। वारदात शुक्रवार की रात करीब नौ बजे निदुरपट्टी गांव में हुई। पुलिस ने बैंक संचालक का बयान दर्ज किया और तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी। निदूरपट्टी गांव निवासी जीउत लाल पाल मिनी बैंक का काम करते हैं। शुक्रवार की रात वह मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे। गांव स्थित कब्रिस्तान के पास पहुंचने पर बाइक सवार दो लुटेरों ने चाकू से आतंकित कर गले में लटका बैग की डोर काटकर रुपए से भरा बैग लेकर जौनपुर जिले की तरफ फरार हो गए। पीड़ित की सूचना पर पहुंची चौरी पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। अगल-बगल लगे सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि लुटेरों की संख्या दो थी। उनकी बाइक पर लखनऊ का नंबर अंकित था। जिस आधार पर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

### पर्स चोरी हुआ तो खुद मेहनत कर पकड़ा गैंग, बोला- पुलिस से नहीं मिली मदद

**आगरा.** बिजलीघर से सैंया जा रही ई सिटी बस में ट्रॉली बैग काटकर पर्स चोरी कर लिया गया। उसमें नकदी और जेवरात थे। पीड़ित पहले सैंया थाने गया। वहां से उसे टहला दिया गया। रकाबगंज थाने की फोर्ट चौकी आया। यहां भी सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने ई सिटी बस में लगे सीसीटीवी की फुटेज प्राप्त की। खुद मेहनत करके गैंग के चार सदस्यों को पकड़ लिया। चोर पकड़ने के बाद मुकदमा लिखा गया। रंजीतपुरा, सैंया निवासी दीपक गुजरात में आइसक्रीम का काम करता है। वह 11 मार्च की सुबह आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से ऑटो से बिजलीघर पहुंचा। यहां से ई सिटी बस में सैंया के लिए सवार हुआ। पत्नी ऊषा और एक साल का बेटा भी साथ था।

# लोकसभा चुनावों का ऐलान

- 19 अप्रैल को पहला फेज, एक जून को आखिरी
- कुल 7 चरणों में होंगे चुनाव






**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान चुनाव आयोग ने कर दिया है। सात चरणों में आम चुनाव करवाए जाएंगे, जबकि चार जून को रिजल्ट की घोषणा होगी। पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल, दूसरी फेज की वोटिंग 26 अप्रैल, सात मई को तीसरा फेज, 13 मई को चौथा फेज, 20 मई को पांचवां फेज, 25 मई को छठा फेज और एक जून को सातवें चरण की वोटिंग होगी।

19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण में कुल 102 सीटों पर मतदान होंगे, जबकि 26 अप्रैल को 89 सीटों पर, सात मई को 94 सीट, 13 मई को 96 सीट, 20 मई को 49 सीट, 25 मई को 57 सीट और एक जून को 57 सीटों पर वोटिंग होगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सबसे पहले कहा कि चुनाव का पर्व, देश का गर्व। उन्होंने बताया कि इस बार 96.8 करोड़ वोटर्स वोट डालने जा रहे हैं। यानी कि करीब 97 करोड़ लोग लोकसभा चुनाव में वोट डालेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में करीब 1.8 करोड़ वोटर्स ऐसे हैं, जो पहली बार किसी चुनाव में वोट डालने वाले हैं। इसके अलावा 20-29 साल की उम्र के बीच के वोटर्स की संख्या 19.47 करोड़ है। चुनाव आयोग ने बताया है कि जिन उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड हैं, उन्हें तीन बार इसकी जानकारी देते हुए इश्तिहार देना होगा।

कुल मतदाताओं में 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं, 48 हजार ट्रांसजेंडर शामिल हैं। चुनाव आयोग के आंकड़े के अनुसार, देशभर में मतदाता लिंगानुपात 948 है, 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया, ''हमारी मतदाता सूची में 85 साल से अधिक उम्र के 82 लाख और सौ साल से अधिक उम्र के 2.18 लाख मतदाता शामिल हैं।''

चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान फेक न्यूज फैलाए जाने पर भी चिंता जताई है। इस दौरान सोशल मीडिया पर भी काफी नजर रहेगी और फेक न्यूज फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने इस दौरान कुछ पंक्तियां भी सुनाईं जिनकी शुरुआत थी 'झूठ के बाजार में रौनक बहुत है, मगर यह बुलबुला है।'

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हम देश को वास्तव में उत्सवपूर्ण, लोकतांत्रिक माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को समाप्त होने वाला है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम की विधानसभाओं का कार्यकाल भी जून 2024 में खत्म होने वाला है। जम्मू और कश्मीर में भी चुनाव होने हैं।''

### लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद होंगे जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव



चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों के ऐलान के बाद कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद विधानसभा चुनाव होंगे। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि सुरक्षा कारणों से जम्मू-कश्मीर में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ संभव नहीं हैं। लोकसभा चुनाव के सम्पन्न होने के बाद राज्य में विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे।

## 4 राज्यों में विधानसभा चुनावों का ऐलान

- आंध्र में 13 मई, अरुणाचल और सिक्किम में 19 अप्रैल को वोटिंग
- ओडिशा में 4 फेज में मतदान




**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग ने आज 16 मार्च को लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक फेज में वोटिंग होगी। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में भी एक फेज में 19 अप्रैल को मतदान होगा। ओडिशा में चार चरणों में 7, 13, 25 मई और एक जून को वोट डाले जाएंगे।

इनके अलावा गुजरात की 5, यूपी की 4, हरियाणा, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु की 1-1 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। यहां उस क्षेत्र में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ ही नोटिफिकेशन जारी होगा और वोटिंग होगी। सभी राज्यों में काउंटिंग लोकसभा चुनावों की काउंटिंग के साथ 4 जून को होगी।

ओडिशा की 147, सिक्किम की 32, अरुणाचल प्रदेश की 60 और आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे। ओडिशा में बीजू जनता दल (BJD) की सरकार है। यहां भाजपा सीधे मुकाबले में है। नवीन पटनायक यहां साल 2000 से मुख्यमंत्री हैं। आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता जगन मोहन रेड्डी मुख्यमंत्री हैं। यहां पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की तेलगु देशम पार्टी (TDP), अभिनेता पवन कल्याण की जनसेना और भाजपा गठबंधन एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश में पेमा खांडू के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। 2019 में पार्टी ने 60 में से 42 सीटें जीती थीं। इसके अलावा सिक्किम में प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (SKM) की सरकार है। यहां भाजपा गठबंधन की सरकार में शामिल है।

## आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों को तीन बार देना होगा इश्तिहार



**नई दिल्ली.** देश में आम चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। इस बार चुनावों में कई बदलाव किए गए हैं। लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि इस बार चुनावों में वैसे उम्मीदवारों को अखबारों में तीन बार इश्तिहार छपवाना होगा, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। इसके अलावा उन सभी राजनीतिक दलों को भी अखबारों में इश्तिहार छपवाना होगा कि उनके कितने उम्मीदवार ऐसे हैं, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड है, यानी कि वे दागी हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेन्स को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि देशभर में कुल सात चरणों में चुनाव कराए जाएंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे, जबकि मतगणना 4 जून को होगी। दूसरे चरण में 26 अप्रैल, तीसरे चरण में 07 मई, चौथे चरण में 13 मई, पांचवें चरण में 20 मई, छठे चरण में 25 मई और सातवें और आखिरी चरण में 1 जून को वोट डाले जाएंगे।

### क्या है '4M' जिसे चुनाव आयोग ने बताया अपने लिए चैलेंज; निपटने का यह है प्लान

- मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पहले चरण में 102 सीटों पर चुनाव कराए जाएंगे, जबकि दूसरे चरण में 89, तीसरे चरण में 94, चौथे चरण में 96, पांचवें चरण में 49, छठे और सातवें चरण में 57-57 सीटों पर चुनाव कराए जाएंगे।
- इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव के लिए हमारी टीम पिछले दो साल से इस चुनाव की तैयारी कर रही थी और अब हम पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में कुल 97 करोड़ वोटर्स मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि देशभर में कुल 10.5 लाख पोलिंग स्टेशन होंगे, जबकि 55 लाख **EVM** का इस्तेमाल किया जाएगा।

अधूरी हसरतों का इलजाम, हम पर लगाना ठीक नहीं

## EVM पर उठ रहे सवालों पर CEC का तंज

**नई दिल्ली.** देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेन्स में कुल सात चरणों में चुनाव कराने का ऐलान किया है। चुनावों के नतीजे 4 जून को आएंगे। सीईसी पूरे प्रेस कॉन्फ्रेन्स के दौरान कई बार शेरो-शायरी से जवाब देते रहे।

जब पत्रकारों ने उनसे ईवीएम से जुड़े सवाल पूछे तो मुख्य चुनाव आयुक्त ने एक शायरी से इसका जवाब दिया और उन दलों पर तंज कसा जो अकसर ईवीएम पर दोषारोपण करते हैं लेकिन जब उनके पक्ष में नतीजे आते हैं तो वे अपने आरोपों से मुकर जाते हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा,

*अधूरी हसरतों का इल्जाम,*
*हर बार हम पर लगाना ठीक नहीं।*
*वफा खुद से नहीं होती,*
*खता ईवीएम की कहते हो।*
*गोया परिणाम आता है,*
*तो उस पर कायम भी नहीं रहते।*

इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में कुल 97 करोड़ वोटर्स मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि देशभर में कुल 10.5 लाख पोलिंग स्टेशन होंगे, जबकि 55 लाख EVM का इस्तेमाल किया जाएगा। सीईसी के मुताबिक, पहले चरण में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे, जबकि मतगणना 4 जून को होगी।

दूसरे चरण में 26 अप्रैल, तीसरे चरण में 07 मई, चौथे चरण में 13 मई, पांचवें चरण में 20 मई, छठे चरण में 25 मई और सातवें और आखिरी चरण में 1 जून को वोट डाले जाएंगे।

### लोकतंत्र सबसे बड़ा त्यौहार -PM मोदी

**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसको लेकर ट्वीट किया है। पीएम मोदी ने इस ट्वीट में लिखा है कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार आ चुका है। चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। नरेंद्र मोदी ने आगे लिखा है कि हम भाजपा-एनडीए के लोग चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने लिखा कि विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी सेवाओं और गुड गवर्नेंस के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ हम चुनाव में लोगों के बीच जाएंगे।

## अमित शाह बोले- PoK भारत का हिस्सा

### वहां के सभी लोग हमारे अपने हैं, चाहे हिंदू हों या मुस्लिम



**नई दिल्ली.** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार 15 मार्च को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (PoK) भारत का हिस्सा है। वहां रहने वाले सभी लोग भारतीय हैं, चाहे वे हिंदू हों या मुस्लिम। शाह ने ये बातें इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में बातचीत के दौरान कही।

शाह ने नागरिकता संशोधन कानून (CAA) पर भी बात की। उन्होंने इस कानून के दायरे से मुस्लिमों को बाहर रखने पर कहा- CAA के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और पारसी शरणार्थियों को नागरिकता दी जाएगी। ये तीनों इस्लामिक देश हैं। वहां मुस्लिमों का उत्पीड़न नहीं होता है।


गृह मंत्री बोले- कांग्रेस का किया वादा हमने पूरा किया

गृह मंत्री ने कहा- भारत-पाक के विभाजन के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने कहा था कि पाकिस्तान से आए अल्पसंख्यकों का भारत में स्वागत किया जाएगा। तब पाकिस्तान में हिंदू आबादी 23 फीसदी थी। अब यह घटकर दो फीसदी हो गई है।

शाह ने कहा- बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या 22 फीसदी से घटकर 10 फीसदी हो गई है। अफगानिस्तान में पहले सिखों की संख्या करीब दो लाख थी। अब वहां सिर्फ 378 सिख बचे हैं। हमने कांग्रेस का किया वादा पूरा किया है।

अमित शाह ने CAA का विरोध कर रहे नेताओं पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- जो लोग यह कहकर CAA का विरोध कर रहे हैं कि ये कानून धर्म पर आधारित है, वही लोग मुस्लिम पर्सनल लॉ जैसे कानूनों का समर्थन करते हैं।

## श्रेयस अय्यर करेंगे KKR की कप्तानी



- फ्रेंचाइजी के CEO का ऐलान
- राणा वाइस कैप्टन होंगे

**श्रे**यस अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान होंगे और पिछले सीजन में टीम को लीड करने वाले नीतीश राणा वाइस कैप्टन होंगे। KKR के CEO वैंकी मैसूर ने अय्यर की वापसी का ऐलान किया है। उन्होंने नीतीश को उपकप्तान बनाया।

यहां श्रेयस अय्यर ने कहा- 'पिछले सीजन ने हमारे सामने कई चुनौतियां आई हैं, जिसमें चोट के कारण मेरी गैरमौजूदगी भी शामिल थी। नीतीश ने न केवल मेरी जगह लेने के लिए अपने सराहनीय नेतृत्व से शानदार काम किया है। नीतीश को वाइस कैप्टन बनाए जाने से टीम की लीडरशिप मजबूत होगी।'

अय्यर मुंबई की ओर से रणजी फाइनल के 5वें दिन विदर्भ की दूसरी पारी में फील्डिंग के लिए नहीं उतरे थे। इसके बाद आशंका जता रही थी कि, वे IPL के शुरुआती मैचों से बाहर हो सकते हैं। टीम से जुड़े सूत्र ने दैनिक भास्कर को पहले ही बताया था कि श्रेयस अय्यर पूरी तरह फिट हैं और पहले मैच से कप्तानी करेंगे। वे रणजी फाइनल के आखिरी दिन ऐहतियात के तौर पर फील्डिंग के लिए नहीं उतरे थे। वे जल्द ही टीम के साथ जुड़ेंगे।

श्रेयस अय्यर ने रणजी फाइनल में विदर्भ के खिलाफ दूसरी पारी में 111 गेंदों पर 95 रन की पारी खेली थी। हालांकि वे पहली पारी में केवल 7 रन ही बना पाए थे।

श्रेयस अय्यर पिछले साल IPL के पूरे सीजन से बाहर हो गए थे। दरअसल पिछले साल के शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले में वह चोटिल हो गए थे। इसी कारण KKR ने नितीश राणा को कप्तान बनाया था। वे पिछले साल 7 जून को इंग्लैंड में होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए भी उपलब्ध नहीं थे।

## पोलिंग बूथ पर पानी-टॉयलेट, बुजुर्ग घर से कर सकेंगे मतदान

- पहली बार मिल रहीं ये सुविधाएं



**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान हो रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार इस बारे में विस्तार से जानकारी दे रही हैं। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि अबकी बार मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर कई सारी सुविधाएं मिलने वाली हैं। कुमार ने बताया कि मतदान केंद्र पर पीने के पानी की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा, 'जब हम वोटर्स को अपने बूथ पर बुला रहे हैं तो खुद को तैयार रखना जरूरी है। इसके लिए जरूरी है कि पीने की पानी हो। मेल और फीमेल दोनों के लिए अलग-अलग टॉयलेट हो। साइन एज होगा, दिव्यांग लोगों को व्हीलचेयर मिलेगी। हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। शेड और लाइट की भी व्यवस्था की जाएगी।'

चुनाव आयुक्त ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूत बनाने के लिए देश के कोने-कोने में मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। राजीव कुमार ने कहा, '85 वर्ष से अधिक उम्र के जितने भी मतदाता हैं उनके घर जाकर मतदान करवाया जाएगा। इस बार देश में पहली बार ये व्यवस्था एक साथ लागू होगी कि जो 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता हैं और जिन्हें 40% से अधिक की विकलांगता है, उनके पास हम फॉर्म पहुंचाएंगे अगर वो मतदान का ये विकल्प चुनते हैं।'

### देश में कुल 96.8 करोड़ मतदाता

- चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया, 'इस देश में कुल मतदाता 96.8 करोड़ हैं। जिनमें से 49.7 करोड़ पुरुष और 47 करोड़ महिलाएं हैं। 1.82 करोड़ पहली बार मतदाता इन चुनावों में हैं।' उन्होंने कहा कि हमारे पास 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता, 10.5 लाख मतदान केंद्र, 1.5 करोड़ मतदान अधिकारी और सुरक्षा कर्मचारी, 55 लाख ईवीएम, 4 लाख वाहन हैं। राजीव कुमार ने कहा कि हमारे पास 1.8 करोड़ पहली बार मतदाता हैं और 20-29 वर्ष की आयु के बीच 19.47 करोड़ मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि 12 राज्यों में महिला मतदाताओं का अनुपात पुरुष मतदाताओं से अधिक है।


### उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर
### शहर अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग यांचे कार्यालय
### ई- निविदा क्र. 63 (2023-24)

उल्हासनगर महानगरपालिका शहरामधील खालील नमुद कामे योग्य वर्गातील ठेकेदाराकडून निविदा प्रणाली पध्दतीनुसार महानगरपालिकेच्या अटी व शतीस अधिन राहून दिनांक 17 /03/2024 रोजी निविदा मागविण्याकरीता प्रसिध्द करण्यात येत आहे. सदर निविदा प्रणालीबाबत इतर आवश्यक माहिती https://mahatenders.gov.in/ या संकेत स्थळावर प्रसिध्द करण्यात आली आहे.

| अ. क्र. | निविदा क्रमांक | कामाचे नाव | रक्कम | इसारा रक्कम | कालावधी | वर्गवारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उमपा/साबांवि/नोटीस/ 2023-24/01 | उल्हासनगर कॅम्प क्र. 1 व 5 मधील रस्त्याअंतर्गत नॅचरल गॅस पाइप लाइन टाकणे करीता खोदण्यात आलेल्या टेंचपट्टीचे पुर्नपृष्ठांकन करणे. | 33635271 | 168176 | 240 दिवस | V TH |

सदर निविदा प्रणाली बाबत इतर आवश्यक माहिती www.umc.gov.in या संकेत स्थलावर प्रसिद्ध करण्यात आली आहे.

जा.क्र. उमपा/पिआरओ/161/2024.
दिनांक : 16.3.2024

सही/-
**कार्यकारी अभियंता (साबांवि)**
उल्हासनगर महापालिका


## BJP का चुनावी सॉन्ग 'मैं मोदी का परिवार हूं'




**नई दिल्ली.** भाजपा ने शनिवार (16 मार्च) को अपने चुनावी कैंपेन 'मैं मोदी का परिवार हूं' का थीम सॉन्ग लॉन्च कर दिया है। ये वीडियो PM नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया। इस पर लिखा- मेरा भारत, मेरा परिवार। वीडियो में देश के हर कोने के लोगों की झलक दिखाई गई है। महिलाओं से लेकर किसानों-मजदूरों तक और छात्रों से लेकर युवाओं के लिए लागू की गईं योजनाओं का इस वीडियो में जिक्र किया गया है। देशभर में पीएम की सभाओं, उनके दौरों की झलकियां इस वीडियो में हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन के समय मंदिर निर्माण में शामिल मजदूरों पर फूल बरसाने का फुटेज भी इसमें शामिल किया गया है।

3 मिनट 13 सेकेंड का यह गाना अधिकतर हिंदी भाषा में है। हालांकि इस सॉन्ग की लाइन 'मैं मोदी का परिवार हूं' को हिंदी के अलावा गुजराती, पंजाबी, उड़िया, तमिल समेत 11 अन्य भाषाओं में भी गाया गया है।

## पशुपालन के व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए पशु विभाग का पंचसूत्री कार्यक्रम

**ठाणे.** महाराष्ट्र राज्य आज अपने आप प्रगतिशील और आधुनिकता में आगे है।सुंदर,संपन्न व समृद्ध महाराष्ट्र बनाने के लिए पशु विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ा योगदान दिया गया है। शाश्वत, आश्वासक व निर्णायक रूप से राज्य के विकास के लिए पशु विभाग तमाम योजना के तहत प्रयत्न करने में जुटी है।वर्तमान स्थिति में मौसम में बदलाव के कारण खेती के व्यवसाय पर बड़ा असर पड़ा है।इसलिए किसानों को पशु व्यवसाय के लिए बढ़ावा देना आवश्यक है।पशु विभाग का योजना किसानों के लिए लाभदायक है।इस योजना से किसानों में एक नई उम्मीद की किरण जगेगी इसलिए पशु विभाग इस योजना का निर्माण करने के लिए जुट गया है।आने वाले समय में इस योजना को गुणात्मक दृष्टि से शुरुआत किया जायेगा।इसलिए पशु विभाग ने पंचसूत्री कार्यक्रम का आयोजन किया है।पशु विभाग ने पशुओं को सुधारने, पशुओं के स्वास्थ्य,पशुओं के खाने की सामग्री मैनेजमेंट आदि है।यह जानकारी जिला पशु विभाग उपायुक्त डॉ. वल्लभ दि. जोशी ने दिया है।

## संक्षेप...

### आश्रम से चांदी की पादुका समेत 90 हजार की चोरी



**भिवंडी.** कामतघर, पाइप लाइन रोड स्थित स्वामी गंभीरानंद आश्रम में अज्ञात चोरों ने रात के समय चोरी की घटना को अंजाम दिया. चोरों ने यहां से चांदी की पादुका, सोने के गहने व नकद मिलाकर कुल 90 हजार 700 रुपए का माल चोरी कर ले गए.

कोनगांव पुलिस थाना अंतर्गत कामतघर, पाइप लाइन रोड, ठाकराचा पाड़ा में स्वामी गंभीरामंद आश्रम है. 8 मार्च की रात में 1 से 3.30 बजे के दरम्यान अज्ञात चोरों ने आश्रम में प्रवेश किया और यहां कुल 5 कमरों की कड़ी-कुंडी तोड़कर वहां रखे सोने के गहने, चांदी की पादुका व नकद रकम मिलाकर कुल 90 हजार 700 रुपए का सामान चोरी कर लिया. इसकी शिकायत आश्रम के साधु प्रमोद सुरेश अहिरे ने दर्ज कराई है. इसके अलावा आश्रम के पास रहने वाले कल्पेश ठाकुर व भगवान ठाकुर के घर का भी ताला तोड़ा गया है. कोनगांव पुलिस ने भादंसं की धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस हवलदार ए. गोरले को जांच की जिम्मेदारी दी गई है.

# महाराष्ट्र में 5 चरणों में मतदान

## मुंबई, ठाणे, पालघर में 20 मई को चुनाव

| दिनांक | 19 अप्रैल | 26 अप्रैल | 7 मई | 13 मई | 20 मई | 25 मई | 1 जून |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीटें | 5 सीट | 8 सीट | 11 सीट | 11 सीट | 13 सीट | --- | -- |

- **चुनाव के 5 चरण**
- फेज 1: 19 अप्रैल
- फेज 2: 26 अप्रैल
- फेज 3: 07 मई
- फेज 4: 13 मई
- फेज 5: 20 मई




**मुंबई.** महाराष्ट्र समेत पूरे देश में लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो गया है. शनिवार को चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया. पूरे देश में चुनाव कब शुरू होंगे और कब नतीजे आ जाएंगे, इसे लेकर सामने आया है कि देशभर में सात फेज में चुनाव होंगे और चार जून को मतगणना होगी. महाराष्ट्र में कब वोट पड़ेंगे, इसकी तारीखें सामने आ चुकी हैं. महाराष्ट्र में पांच चरणों में वोटिंग होगी. यहां 48 सीटें हैं.

केंद्रीय चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में चुनाव 5 चरणों में कराने की घोषणा की है. पहला चरण 19 अप्रैल 2024 को होगा. पहले चरण में पांच सीटों रामटेक, नागपुर, भंडारा गोंदिया, गढ़चिरौली चिमूर, चंद्रपुर में वोटिंग होगी। 26 अप्रैल 2024 को दूसरे चरण में 8 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव होंगे, जिनमें बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, यवतमाल वाशिम, हिंगोली, नांदेड़, परभणी शामिल हैं। इसके अलावा, तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा, जिसमें रायगढ़, बारामती, धाराशिव, लातूर, सोलापुर, माधा, सांगली, सतारा, रत्नागिरी सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर, हटकनंगले जैसी 11 लोकसभा सीटें शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि चौथे चरण का मतदान 13 मई को होगा और इसमें नंदुरबार, जलगांव, रावेर, जालना, संभाजीनगर, मावल, पुणे, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी, बीड विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा पांचवें चरण का मतदान 20 मई 2024 को धुले, डिंडोरी, नासिक, पालघर, भिवंडी, कल्याण, ठाणे, मुंबई नॉर्थ, मुंबई नॉर्थ वेस्ट, मुंबई नॉर्थ ईस्ट, मुंबई नॉर्थ सेंट्रल, , मुंबई साउथ सेंट्रल, मुंबई साउथ जैसे कुल 13 निर्वाचन क्षेत्रों में वोटिंग होगी।

महाराष्ट्र में कुल 48 लोकसभा सीटें हैं, जिनमें से 80 सीटें महाराष्ट्र के बाद उत्तर प्रदेश में दूसरे स्थान पर हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में शिवसेना ने बीजेपी और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में मिलकर चुनाव लड़ा था. तब एनडीए के पास 41 सीटें थीं. बीजेपी ने 23 सीटें जीतीं जबकि शिवसेना ने 18 सीटें जीतीं. इसके अलावा शरद पवार की एनसीपी को 4, कांग्रेस को एक और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी को एक सीट पर जीत मिली.

### राज्य में कब, कहां, किस सीट पर होगा चुनाव

उल्हास विकास संवाददाता

**पहला चरण**
**19-04-2024**

1. रामटेक
2. नागपुर
3. भंडारा - गोंदिया
4. गढ़चिरौली - चिमूर
5. चंद्रपुर

**दूसरा चरण**
**26 अप्रैल 2024**

6. बुलढाणा
7. अकोला
8. अमरावती
9. वर्धा
10. यवतमाल - वाशिम
11. हिंगोली
12. नांदेड़
13. परभणी

**तीसरा चरण**
**7 मई 2024**

14. रायगढ़
15. बारामती
16. उस्मानाबाद
17. लातूर
18. सोलापुर
19. माधा
20. सांगली
21. सतारा
22. रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग
23. कोल्हापुर
24. हातकनंगल

**चौथा चरण**
**13-05-2024**

25. नंदुरबार
26. जलगांव
27. रावेर
28. जालना
29. औरंगाबाद
30. मावल
31. पुणे
32. शिरूर
33. अहमदनगर
34. शिर्डी
35. बीड

**पांचवा चरण**
**20-05-2024**

36. धुले
37. डिंडोरी
38. नासिक
39. पालघर
40. भिवंडी
41. कल्याण
42.ठाणे
43. मुंबई उत्तर
44. मुंबई उत्तर-पश्चिम
45. मुंबई उत्तर-पूर्व
46. मुंबई उत्तर-मध्य
47. मुंबई दक्षिण-मध्य
48. मुंबई दक्षिण

### लोकसभा चुनाव 2019 पर एक नजर

महाराष्ट्र में 2019 का लोकसभा चुनाव चार चरणों में हुआ था। पहले चरण में 11 अप्रैल को 7 सीटों पर वोटिंग हुई थी. दूसरे चरण में 18 अप्रैल को वोटिंग हुई थी. इस दौरान 10 सीटों पर वोटिंग हुई. 23 अप्रैल को तीसरे चरण में 14 सीटों पर वोटिंग हुई. चौथे चरण में 29 अप्रैल को 17 सीटों पर वोटिंग हुई थी.

## विधायक चौगुले ने किया संत नामदेव मंदिर निर्माण का शुभारंभ



उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी के संत शिरोमणि नामदेव महाराज मंदिर की इमारत में शिम्पी समाज हॉल के निर्माण का उद्घाटन विधायक महेश चौगुले ने बड़े धूमधाम से किया। इस अवसर पर मनपा के पूर्व सभागृह नेता सुमित पाटिल, पूर्व नगरसेवक गजानन शेटे, प्रदीप राका, हभप गणेश पुलकंठवार, वास्तु विशारद उपस्थित थे। सुशील सोमानी, शिम्पी समाज के अध्यक्ष महेंद्र माडकर, भानुदास भासले, ट्रस्टी नंद कुमार वेल्हाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, महिलाएं एवं समुदाय के सदस्य उपस्थित थे।

संत नामदेव महाराज एक प्रसिद्ध संत थे और उनका मंदिर भिवंडी में है। यह सम्मान की बात है. विधायक महेश चौघुले ने इस शिम्पी समाज केंद्र के निर्माण के लिए निधि की घोषणा की। भिवंडी के विधायक महेश चौघुले ने नागरिकों से इसमें सहयोग करने की अपील की. सुमीत पाटिल ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सदस्य मिलकर कार्य करें तो शहर का विकास होता है, सभी को अपनी संस्कृति के संरक्षण के लिए संगठित होना होगा। हभप गणेश महाराज पुलकंठवार ने संत नामदेव महाराज के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## पूर्व विधायक पुत्र भाजपा में शामिल

**ठाणे.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस के पूर्व विधायक बी के भगत के पुत्र अनिल भगत राहुल गांधी को टाटा ..बाय बाय करते हुए अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए. खोपट स्थित भाजपा कार्यालय में भगत ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. विधायक संजय केलकर ने भगत एवं अन्य कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत किया.

भाजपा विधायक संजय केलकर ने दावा किया था कि राहुल गांधी जब ठाणे में आयेंगे उसी समय कांग्रेस के लोग भाजपा में शामिल होंगे. भगत के पार्टी प्रवेश कार्यक्रम में केलकर के अलावा विधायक निरंजन डावखरे, जिला अध्यक्ष संजय वाघुले, पूर्व नगरसेवक नारायण पवार, विकास पाटिल, कृष्णा भूजबल, मनोहर सुगदरे, सचिन पाटील, कैलास म्हात्रे, कुणाल पाटिल सहित अन्य उपस्थित थे. अनिल भगत प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य हैं. उनके साथ ठाणे शहर कांग्रेस महासचिव संजय शिंदे, ओबीसी कोंकण विभाग महासचिव सुधीर जाब्रे, सुशांत कांबले , मनोज प्रजापति ने भी हाथ का साथ छोड़ कमल को अपनाया.



मिहिर कोटेचा साहेब को ईशान्य मुंबई लोकसभा उम्मीदवार घोषित किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी उत्तर भारतीय मोर्चा मुलुंड विधानसभा के उपाध्यक्ष सन्तोष जैसवार, राजेश गुप्ता मुलुंड मंत्री और घाटकोपर पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश सच्चन, दिनेश पांडे ने मिहिर कोटेचा को पुष्पगुच्छ भेंटकर हार्दिक शुभेच्छा दी.

## 13538 ग्रामीण परिवार को मिला सपनों का घर

**ठाणे.** प्रधानमंत्री आवास, रमाई, शबरी, आदिम, मोदी घरकुल योजना के माध्यम से योजनाच्या माध्यमातून आदिवासी, अनुसूचित जाती जमाती, गरीब,अन्य आर्थिक स्थिति से कमजोर लोगों को दिया जायेगा। ठाणे ग्रामीण भाग में 13 हजार 538 गरीब परिवार को सपनों का घर दिया गया।केंद्र व राज्य के पुरस्कृत घरकुल योजना के तहत वितरण किया जायेगा यह जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी छायादेवी शिसोदे ने दी. केंद्र पुरस्कृत घरकुल योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 2016-17 से 2021-22 में 9 हजार 535 घरों को मंजूरी मिला था।जिसमें 8 हजार 946 घर पूरी तरह से तैयार है और 93% प्रतिशत काम पूर्ण हो गया है।इसके अलावा 589 घर जल्द ही तैयार करने की तैयारी चल रही है।

## नारी सशक्तीकरण की दिशा में सम्मानित की गई डॉ. मंजू लोढ़ा

**मुंबई.** देश की प्रख्यात समाजसेवी, लोढ़ा फाउंडेशन की चेयरमैन, परमवीर चक्र अवार्ड डायरी , भारत भाग्य निर्माता, अनकही कहानियां समेत अनेक पुस्तकों की लेखिका, महाराष्ट्र हिंदी साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष तथा सेंसर बोर्ड की सदस्य डॉ मंजू मंगल प्रभात लोढ़ा के लिए यह महीना, अनेक पुरस्कारों से भरा रहा। इस महीने उन्हें अब तक 8 प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।

25 मार्च को उन्हें नववें उड़ान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। डॉ मंजू मंगल प्रभात लोढ़ा को इस माह मिलने वाले पुरस्कारों में नारी तू नारायणी सम्मान पत्र, सिप्ज विशेष आर्थिक क्षेत्र में सशक्त महिला पुरस्कार, शो मस्ट गो ऑन इंडियन वूमेन एंपावरमेंट सोशल अवार्ड 2024, नारी शक्ति पुरस्कार 2024, राष्ट्र शक्ति पुरस्कार, आर्टमीशन लुमिनरी अवार्ड 2024, यूट्यूबर आईकॉनिक अवार्ड 2024 तथा अखिल भारतीय महिला साहित्य कला 2024 पुरस्कार का समावेश है। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महीने में प्राप्त पुरस्कारों को पाकर वे गौरव की अनुभूति कर रही हैं। उन्हें प्राप्त सारे पुरस्कार नारी सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरणादायक हैं।

## इलेक्ट्रोल बांड घोटाला देश का सबसे बड़ा घोटाला : राहुल गांधी

### कोर्ट नाका पर बाबासाहेब आंबेडकर पुतले पर किया माल्यार्पण



**ठाणे.** भारत जोड़ो न्याय यात्रा पूरे देश में हजारों किलोमीटर तक कि दूरी तय करते हुए आज शहर स्थित जांभली नाका पहुची. यहां उन्होंने ने बड़ी संख्या में जनता को संबोधित किया. राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र की सरकार को किस तरह से तोड़ा गया आप लोगों को पता है. यह सभी विधायक फ्री में नहीं भागे हैं. इनको नरेंद्र मोदी सरकार ने फिट किया है. इलेक्ट्रॉल बांड से हफ्ता लेते हैं फिर महाराष्ट्र,मणिपुर,गोवा की सरकार तोड़ते हैं. उन्होंने कहा कि एक तरफ अमित शाह खड़ा, दूसरी तरफ अडानी खड़ा और तीसरी ओर नरेंद्र मोदी खड़ा होकर फिर इनका काम दो मिनट में शुरू हो जाता है।

इस यात्रा में ठाणे कांग्रेस और राकपा व शिवसेना के दिग्गज नेता दिखाई देते नजर आ रहे हैं।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पाटोले,पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र आव्हाड,सांसद राजन विचारे, कांग्रेस ठाणे जिला अध्यक्ष एड विक्रांत चव्हाण,कांग्रेस नेता राजेश जाधव, प्रदेश सदस्य डॉ. जे.बी.यादव के सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी,कार्यकर्ता व जनता राहुल गांधी के भाषण को सुन रही थी।

## एंथुजिया 4.0 प्रतियोगिताओं में SST कॉलेज का डंका

**उल्हासनगर.** एसएसटी कॉलेज, उल्हासनगर का प्रबंधन और शिक्षक स्टाफ हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करते हुए देखा जाता है कि उनके कॉलेज के छात्रों की छिपी प्रतिभा को उचित मौका मिले। परिणामस्वरूप, एसएसटी कॉलेज के छात्र स्थानीय, जिला या राज्य स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। एसएसटी कॉलेज के छात्रों ने हाल ही में बेडेकर कॉलेज, ठाणे में आयोजित एंथुजिया 4.0 इंटर-कॉलेज प्रतियोगिता में ऐसी ही सफलता हासिल की। सूरज कदम ने व्यक्तिगत नृत्य श्रेणी में प्रथम पुरस्कार जीतकर अपनी एसएसटी कॉलेज की जीत की परंपरा को जारी रखा। संजीवनी सांस्कृतिक विभाग के तहत डांस मेनिया ग्रुप का हिस्सा सूरज ही नहीं, बल्कि डांस मेनिया टीम ने समूह नृत्य श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया। डांस फॉर्म के साथ-साथ म्यूजिक में भी एसएसटीयन्स ने बाजी मारी। जेसन फर्नांडिस ने व्यक्तिगत वाद्ययंत्र श्रेणी में पहला पुरस्कार जीता, जबकि अजिंक्य गावड़े ने वाद्ययंत्र श्रेणी में दूसरा पुरस्कार जीता। आगे भी इसी तरह की सफलता की आशा करते हुए, कॉलेज प्रबंधन और सभी स्तरों से सभी विजेताओं को बधाई दी जा रही है।



## साउथ में तहलका मचाने के लिए तैयार करीना कपूर

**KGF फेम यश की 'टॉक्सिक' से करेंगी डेब्यू!**

साउथ की फिल्मों का क्रेज हिंदी भाषी क्षेत्रों में पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ा है। बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री के बीच का फासला घटता जा रहा है। फिल्में और कलाकार अब पैन इंडिया बन गए हैं। इस बीच करीना कपूर ने हिंट दिया कि वह कन्नड़ सिनेमा में डेब्यू के लिए तैयार हैं। उन्होंने फिल्म के नाम का खुलासा तो नहीं किया लेकिन ऐसी रिपोर्ट है कि 'केजीएफ' फेम यश की फिल्म में वह होंगी। करीना ने एक वीडियो इंटरैक्शन के दौरान आने वाली फिल्म के बारे में इशारा किया।



### करीना ने दिया इशारा

फैन्स से रूबरू होते हुए करीना ने कहा कि, 'मैं एक बहुत बड़ी साउथ फिल्म कर सकती हूं। एक तरह से यह पैन इंडिया है। मुझे नहीं पता कि मैं कहां शूटिंग करूंगी लेकिन मैं एक्साइटेड हूं कि मेरे फैन्स जानेंगे कि मैं यह करने जा रही हूं। यह पहली बार होगा जब मैं ऐसा करूंगी।'

करीना फिल्म 'टॉक्सिक' से साउथ में डेब्यू कर सकती हैं। यश ने पिछले साल अपनी नई फिल्म की घोषणा की थी और दिसंबर में टाइटल का खुलासा किया। 'टॉक्सिक' यश की 19वीं फिल्म है। उन्होंने एक शॉर्ट वीडियो भी जारी किया था, जो उनके किरदार पर नजर डालता है। केवीएन प्रोडक्शंस फिल्म को प्रोड्यूस करेगी। करीना का नाम पहले से चल रहा था। उनके अलावा राशि खन्ना के नाम पर भी कयास लगाए जा रहे थे।

## घर का दरवाजा खुला छोड़ना पड़ा भारी

**भिवंडी.** गोकुल नगर स्थित शंखेश्वर दर्शन को.ऑप. सोसायटी में रहनेवाले शख्स को अपना घर खुला रखना भारी पड़ गया. अज्ञात चोर ने रात के समय घर में घुसकर 1 लाख 19 हजार रुपए का सोने के गहने चोरी कर लिए. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लूम व्यवसायी अभिषेक रमेश भंडारी (35) शंखेश्वर दर्शन को. ऑप. हाउसिंग सोसायटी, गोकुल नगर, भिवंडी में रहते हैं. 9 मार्च की रात से 11 मार्च की दोपहर तक गलती से खुला छूटा गया. जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने उनके घर में प्रवेश कर 1 लाख 19 हजार रुपए के सोने के गहने चोरी कर लिए.

### आम सूचना

मैं श्रीमती सुजाता गजानन मगर सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, ओटी सेक्शन, शिवसेना आफीस के पास, संतोष नगर, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 44सीओ009971000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रजनी भगवान कानखेडे के नाम पर है। उनसे मैंने सेल एग्रीमेंट दि. 14.3.2024 सी.नं. 741195 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सुजाता गजानन मगर**

### आम सूचना

हम श्रीमती छाया पंकज सुरवाडे व श्री जयराम सुरवाडे सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, ओटी सेक्शन, शिवसेना आफीस के पास, संतोष नगर, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 44सीओ009971000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रजनी भगवान कानखेडे के नाम पर है। उनसे मैंने सेल एग्रीमेंट दि. 14.3.2024 सी.नं. 9916 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती छाया पंकज सुरवाडे**
**व श्री जयराम सुरवाडे**

P. D. HINDUJA HOSPITAL
& MEDICAL RESEARCH CENTRE

आयोजन कर रहा है

**ओपीडी कंसल्टेशन**


उल्हासनगर के

जस-वीई अस्पताल में

**जगह**

जस-वीई अस्पताल, बीके 721, टाउन हॉल के पास उल्हासनगर 3, उल्हासनगर - 421 003।.

| विशिष्टतायें | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | न्यूरोसर्जरी | प्रत्येक माह का पहला शनिवार | दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक |
| 2 | सर्जिकल ऑन्कोलॉजी | प्रत्येक माह का पहला शनिवार | दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक |
| 3 | एडोलेसेंट बेरिएट्रिक और मेटाबोलिक सर्जन | प्रत्येक माह का पहला शनिवार | दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक |
| 4 | ईएनटी | प्रत्येक माह का तीसरा गुरुवार | शाम 5 बजे से शाम 7 बजे तक |
| 5 | आर्थोपेडिक्स | प्रत्येक माह का तीसरा गुरुवार | शाम 5 बजे से शाम 7 बजे तक |



डॉ. संजय दुधाट — सलाहकार, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. अंशु वराडे — सलाहकार, न्यूरोसर्जरी
डॉ. राहुल बोरुडे — एडोलेसेंट बेरिएट्रिक एवं मेटाबोलिक सर्जन
डॉ. राखी धोत्रे — सलाहकार, ईएनटी
डॉ. अभिषेक नेरुरकर — सलाहकार, आर्थोपेडिक्स

अधिक जानकारी के लिए और अपॉइंटमेंट शेड्यूल करने के लिए कॉल या व्हाट्सएप करें
**श्री गणेश महांकाल: 99209 15677 । श्री राकेश जाधव: 75064 95073**
(सुबह 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099